जिंदगी की हर खुशी मिल गई फिर भी मेरा दिल उदास रहता है

जिंदगी की हर खुशी मिल गई,
फिर भी मेरा दिल उदास रहता है,
दुनिया की इस भीड़ में तुम बिन प्रभु,
तन्हा तन्हा तेरा दास रहता है,
ज़िन्दगी की हर खुशी मिल गई,
फिर भी मेरा दिल उदास रहता है।bd।

तर्ज – आँख है भरी भरी।

नज़ारे खूब देखे है,
नज़र फिर भी तरसती है,
वो सूरत देख ना पाऊं,
जो सूरत दिल में बसती है,
तन मेरा कहीं रहे सांवरे,
मन तो मेरा तेरे पास रहता है,
दुनिया की इस भीड़ में तुम बिन प्रभु,
तन्हा तन्हा तेरा दास रहता है,
ज़िन्दगी की हर खुशी मिल गई,
फिर भी मेरा दिल उदास रहता है।bd।

करो सौदा मोहब्बत का,
तेरा उपकार हो जाए,
मेरी सारी खुशी ले लो,
तेरा दीदार हो जाए,
तेरे दर्शन के बिना इस दिल में क्यों,
इक अधूरा सा एहसास रहता है,
दुनिया की इस भीड़ में तुम बिन प्रभु,
तन्हा तन्हा तेरा दास रहता है,
ज़िन्दगी की हर खुशी मिल गई,
फिर भी मेरा दिल उदास रहता है।bd।

मैं तुमसे और क्या मांगू,
मुझे लौटा दो बस वो दिन,
ये सब सुख है बेमतलब का,
मेरे मतलब तुम्हीं थे बिन

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के तुम्हारे मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दूर है पर तू मुझे भूला नहीं,
‘सोनू’ को बस ये विश्वास रहता है,
दुनिया की इस भीड़ में तुम बिन प्रभु,
तन्हा तन्हा तेरा दास रहता है,
ज़िन्दगी की हर खुशी मिल गई,
फिर भी मेरा दिल उदास रहता है।bd।

जिंदगी की हर खुशी मिल गई,
फिर भी मेरा दिल उदास रहता है,
दुनिया की इस भीड़ में तुम बिन प्रभु,
तन्हा तन्हा तेरा दास रहता है,
ज़िन्दगी की हर खुशी मिल गई,
फिर भी मेरा दिल उदास रहता है।bd।

Singer – Deep Agrawal (Kota)

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com